आनंदालय
सामयिक परीक्षा - 1
कक्षा : नौवीं

विद्या सर्वार्थ साधिका

विषय : हिंदी 'ब'(085) | अधिकतम अंक : 40
दिनांक: 18-07-2023 | समय : 1घंटा 30 मिनट

सामान्य निर्देश:
1. यह प्रश्न पत्र दो खंडों में विभाजित है: 'अ' और 'ब'
2. खंड 'अ' में कुल तीन बहुविकल्पीय प्रश्न( उपप्रश्नों सहित) हैं और खंड 'ब' में चार वर्णनात्मक प्रश्न (उपप्रश्नों सहित ) हैं |
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रमसंख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है |
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

## खंड- 'अ'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

संस्कृत में एक कहावत है कि दुर्जन दूसरों के राई के समान मामूली दोषों को पहाड़ के समान बड़ा मान कर देखता है और अपने पहाड़ के समान बड़े पापों को देखते हुए भी नहीं देखता | सज्जन या महात्मा ठीक इसके विपरीत होते हैं उनका ध्यान दूसरों की बजाय केवल अपने दोषों पर जाता है | अधिकांश व्यक्तियों में कोई न कोई बुराई अवश्य होती है | कोई भी बुराई न होने पर व्यक्ति देवता की कोटि में आ जाता है | मनुष्य को अपनी बुराइयों को दूर करने का प्रयत्न करना चाहिए, न कि दूसरों की कमियों को लेकर छींटाकशी करने या टीका टिप्पणी करने का | अपने मन की परख को पवित्र करने का सबसे उत्तम साधन है- आत्मनिरीक्षण | यह आत्मा की उन्नति का सर्वश्रेष्ठ मार्ग है | महात्मा कबीर ने कहा है कि जब मैंने मन की पड़ताल की तो मुझे अपने जैसा कोई बुरा न मिला | महात्मा गांधी ने कई बार स्पष्ट रूप से कहा था- "मैंने जीवन में हिमालय जैसी बड़ी भूले की है |" अपनी भूलों पर ध्यान देना या उन्हें स्वीकार करना आत्मबल का चिह्न है | जो लोग दूसरों के सामने अपनी भूल नहीं मानते और न ही अपने को दोषी स्वीकार करते हैं, वे सबसे बड़े कायर हैं | जिसका अंतःकरण शीशे के समान उजला है, उसे झट अपनी भूल महसूस हो जाती है | मन तो दर्पण है | मन में पाप है तो पाप दिखाई देता है | पवित्र आचरण वाले अपने मन को देखते हैं, तो उन्हें पता लगता है कि अभी इसमें कोई कमी रह गई है, इसलिए वे अपने मन को बुरा कहते हैं यही उनकी नम्रता की साधना है |

(i) लेखक के अनुसार अपने मन की परख को पवित्र किया जा सकता है -
(क) छींटाकशी द्वारा
(ख) आत्मबल द्वारा
(ग) आत्मनिरीक्षण द्वारा
(घ) टीका टिप्पणी द्वारा

(ii) "जो दिल खोजा आपना मुझसे बुरा न कोय " - पंक्ति का भावार्थ किसने कहा है -

(क) महात्मा गांधी ने (ख) महात्मा कबीर ने

(ग) लेखक ने (घ) सज्जन लोगों ने

(iii) दूसरों के राई के समान दोषों को पहाड़ के समान कौन देखता है ?

(क) सज्जन (ख) दुर्जन (ग) महात्मा (घ) देवता

(iv) जिन्हें अपनी भूल तुरंत महसूस हो जाती है , उनका अंतःकरण होता है -

(क) दर्पण के समान (ख) पत्थर के समान

(ग) हिमालय के समान (घ) देवता के समान

(v) गद्यांश में 'श्रेणी' के लिए प्रयुक्त शब्द है -

(क) पड़ताल (ख) मामूली (ग) टीका-टिपण्णी (घ) कोटि

2. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए | (8X1=8)

(i) निम्नलिखित में अनुस्वार का मानक रूप कौन-सा है ?

(क) सम्भव (ख) कंकड़ (ग) माँझी (घ) अनाड़ी

(ii) अनुनासिक युक्त सही शब्द है -

(क) लहँगा (ख) मँहेदी (ग) स्वयम् (घ) कॉलेज

(iii) प्रत्येक स्वतंत्र और सार्थक वर्ण-समूह कहलाता है -

(क) शब्द (ख) पद (ग) वाक्य (घ) इकाई

(iv) राधा समाचार पढ़ रही है - वाक्य में रेखांकित को क्या कहेंगे ?

(क) वर्ण (ख) शब्द (ग) पद (घ) समास

(v) किस शब्द में 'अन ' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है -

(क) अनमोल (ख) अनार (ग) अनसुना (घ) अनहोनी

(vi) सर्वहारा : हारा, गरमाहट : _______ - रिक्त स्थान हेतु सही उत्तर छाँटिए -

(क) हट (ख) आह (ग) आहट (घ) माहट

(vii) ईश्वर तुम्हें सफलता प्रदान करें | - अर्थ के आधार पर वाक्य का कौन-सा भेद है ?

(क) विधानवाचक वाक्य (ख) संकेतवाचक वाक्य

(ग) इच्छावाचक वाक्य (घ) आज्ञावाचक वाक्य

(viii) आज तुम घर पर ही रहना | - अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद है -

(क) विधानवाचक वाक्य (ख) आज्ञावाचक वाक्य

(ग) संकेतवाचक वाक्य (घ) इच्छावाचक वाक्य

3. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए | (5X1=5)

(i) लाला जी के अनुसार जवान बेटे के मरने पर कितने दिन का सूतक होता है ?

(क) ग्यारह दिन (ख) बारह दिन (ग) तेरह दिन (घ) सात दिन

(ii) कटी हुई पतंग का उदाहरण लेखक ने किस लिए दिया है ?

(क) महँगी पोशाक गरीब लोगों से सहानुभूति नहीं जताने देती|

(ख) पतंग की विशेषता बताने के लिए|

(ग) जो बहुत ऊपर उड़ता है एक दिन धरती पर ही लौटता है|

(घ) हवा पतंग को काटने नहीं देती |

(iii) लेखिका एवरेस्ट की चोटी पर कब पहुँची ?

(क) 23 मई 1984 (ख) 24 मई 1984 (ग) 24 मई 1954 (घ) 23 मई 1954

(iv) कवि रैदास का भक्ति भाव किस प्रकार का है ?

(क) नवधा (ख) अर्चन (ग) दास्य (घ) स्मरण

(v) प्रभु कृपा और भक्ति के आलोक में किसका जीवन सँवर गया है ?

(a) संत नामदेव (b) संत कबीर (c) त्रिलोचन (d) रहीम दास

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /कौन-से कथन सही है /सही हैं ?

(क) (a), (b)और (c) (ख) (a) और (b) (ग) केवल (c) (घ) केवल (d)

## खंड- 'ब'

4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 से 70 शब्दों में दीजिए - (3x3=9)

(i) भगवाना की बुढ़िया माँ समाज में व्याप्त अंधविश्वासों का शिकार बनी | क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? यदि आप भगवाना की माँ की जगह होते तो क्या करते ?

(ii) लेखिका पर मृत्यु का संकट कैसे आया ? उनकी रक्षा किसने और कैसे की ? 'एवरेस्ट: मेरी शिखर यात्रा' पाठ के आधार पर लिखिए |

(iii) चंदन के संपर्क में रहने से पानी पर क्या प्रभाव पड़ता है ? रैदास इसे किस संदर्भ में देखते हैं ?

(iv) कवि रैदास ने अन्य संत कवियों का उदाहरण किस बात को स्पष्ट करने हेतु दिया है ?

5. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60 से 70 शब्दों में लिखिए - (3x1=3)

(i) "गिल्लू को लेखिका का साथ बहुत पसंद था |" इस कथन को प्रमाण सहित स्पष्ट कीजिए |

(ii) 'गिल्लू' कहानी के आधार पर बताइए कि पशु पक्षियों के प्रति हमारा क्या कर्तव्य होना चाहिए ?

6. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 100 से 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (5x1=5)

(क) मेरे जीवन का लक्ष्य

संकेत बिंदु -

- लक्ष्य का अर्थ
- निर्धारित लक्ष्य
- लक्ष्य निर्धारण का कारण
- लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रयास

(ख) सठ सुधरहिं सत्संगति पाई

संकेत बिंदु-

- सूक्ति का अर्थ
- सत्संगति से लाभ
- कुसंगति से हानि
- उपसंहार

(ग) पर्यावरणीय प्रदूषण

संकेत बिंदु-

- प्रदूषण का अर्थ
- प्रदूषण के प्रकार
- दुष्परिणाम
- निष्कर्ष

7. दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर मन में उभरने वाले विचारों को लगभग 100 शब्दों में लिखिए | (5x1=5)



------------------------------------------------------------------------------------------------------------